<u>अत्यंत गोपनीय-केवल आंतरिक एवं सीमित उपयोग हेतु</u>

# सीनियर सेकेंडरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा, 2026

## अंक-योजना

## हिंदी 'आधार' विषय कोड – 302

## प्रश्न-पत्र कोड-- 2/5/1

**सामान्य निर्देश:-**

1. **सीबीएसई ने 2026 की परीक्षा से कक्षा XII की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए ऑन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) करने का निर्णय लिया है।**
2. आप जानते हैं कि परीक्षार्थियों के उचित आकलन के लिए उत्तर-पुस्तिकाओं का मूल्यांकन एक महत्त्वपूर्ण प्रक्रिया है। मूल्यांकन में एक छोटी-सी भूल भी गंभीर समस्या को जन्म दे सकती है, जो परीक्षार्थियों के भविष्य, शिक्षा- प्रणाली और अध्यापन-व्यवस्था को भी प्रभावित कर सकती है। इससे बचने के लिए अनुरोध किया जाता है कि मूल्यांकन प्रारंभ करने से पूर्व ही आप मूल्यांकन निर्देशों को पढ़ और समझ लें।
3. **मूल्यांकन एक गोपनीय नीति है क्योंकि यह आयोजित परीक्षाओं की गोपनीयता, किए गए मूल्यांकन तथा कई अन्य पहलुओं से संबंधित है। इसका किसी भी तरह से सार्वजनिक रूप से लीक होना परीक्षा-प्रणाली के पटरी से उतरने का कारण बन सकता है और लाखों परीक्षार्थियों के जीवन और भविष्य को प्रभावित कर सकता है। इस नीति / दस्तावेज को किसी के साथ साझा करना, किसी पत्रिका में प्रकाशित करना और समाचार पत्र / वेबसाइट आदि में छापना बोर्ड के विभिन्न नियमों / भारतीय न्याय संहिता (BNS) के तहत कार्यवाही को आमंत्रित कर सकता है।**
4. अंक-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जाना चाहिए, अपनी व्यक्तिगत व्याख्या या किसी अन्य धारणा के अनुसार नहीं। यह अनिवार्य है कि अंक-योजना का अनुपालन पूरी तरह से और निष्ठापूर्वक किया जाए। **मूल्यांकन करते समय नवीनतम सूचना और ज्ञान पर आधारित अथवा नवाचार पर आधारित उत्तरों को उनकी सत्यता और उपयुक्तता को परखते हुए उचित अंक दिए जाएँ। कक्षा XII में दक्षता-आधारित प्रश्नों का मूल्यांकन करते समय, कृपया दिए गए उत्तर को समझने का प्रयास करें और यदि उत्तर अंक-योजना के अनुसार नहीं है, लेकिन परीक्षार्थी द्वारा व्यक्त दक्षता सही है, तो उचित अंक दिए जाएँ।**
5. अंक योजना में उत्तरों के लिए केवल सुझाए गए मूल्य-बिंदु दिए गए हैं। ये केवल दिशानिर्देश हैं और पूर्ण उत्तर नहीं हैं। विद्यार्थी अपने अनुसार अभिव्यक्ति दे सकते हैं और यदि अभिव्यक्ति सही है, तो तदनुसार अंक दिए जाएँ।
6. मुख्य परीक्षक प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता के द्वारा पहले दिन जाँची गई उत्तर-पुस्तिकाओं के मूल्यांकन की जाँच ध्यानपूर्वक करे और आश्वस्त हो कि मूल्यांकन-योजना में दिए गए निर्देशों के अनुसार ही मूल्यांकन किया जा रहा है। यदि कोई भिन्नता पाई जाती है, तो विचार-विमर्श और चर्चा के बाद उसे शून्य कर दिया जाना चाहिए। शेष उत्तर पुस्तिकाएँ, जिनका मूल्यांकन किया जाना है, तभी दी जाएँगी जब यह सुनिश्चित हो जाए कि प्रत्येक मूल्यांकनकर्ता के अंकन में कोई महत्वपूर्ण भिन्नता नहीं है।

7. परीक्षक सही उत्तर पर सही (√) और गलत उत्तर पर गलत (×) का निशान लगाएँ। परीक्षक द्वारा ऐसा चिह्न न लगाने से ऐसा समझ में आता है कि उत्तर सही है परंतु उस पर अंक नहीं दिए गए। परीक्षकों द्वारा यह भूल सर्वाधिक की जाती है।
8. यदि किसी प्रश्न के कई भाग हैं, तो कृपया प्रत्येक भाग के लिए OSM पोर्टल के दायीं ओर अंक दें। प्रश्न के विभिन्न भागों के लिए दिए गए अंकों का OSM सिस्टम द्वारा कुल योग किया जाएगा।
9. यदि किसी प्रश्न का कोई उपभाग न हो तो OSM पोर्टल में बायीं ओर के हाशिये में अंक दिए जाएँ। इसके अनुपालन में दृढ़ता बरती जाए।
10. एक ही प्रकार की अशुद्धि बार-बार हो तो उसे अनदेखा करें और उस पर अंक न काटे जाएँ।
11. यहाँ यह ध्यान रखना होगा कि मूल्यांकन में संपूर्ण अंक पैमाने 0 – 80 (उदाहरण 0-80 अंक जैसा कि प्रश्न-पत्र में दिया गया है) का प्रयोग अभीष्ट है अर्थात परीक्षार्थी ने यदि सभी अपेक्षित उत्तर-बिंदुओं का उल्लेख किया है तो उसे पूरे अंक देने में संकोच न करें।
12. **प्रत्येक परीक्षक को पूर्ण कार्य-अवधि में अर्थात 8 घंटे प्रतिदिन अनिवार्य रूप से मूल्यांकन कार्य करना होगा और प्रतिदिन 20 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करना होगा (विवरण स्पॉट मूल्यांकन दिशानिर्देशों में दिया गया है)।**
13. यह सुनिश्चित करें कि आप निम्नलिखित प्रकार की त्रुटियाँ न करें जो पिछले वर्षों में होती रही हैं-
    - परीक्षार्थी के जिन उत्तरों को सही माना गया है, लेकिन अंक नहीं दिए गए हैं। (सुनिश्चित करें कि सही उत्तर के लिए सही (√) का निशान स्पष्ट रूप से लगा हो। गलत उत्तर के लिए गलत (X) का निशान भी लगा हो।)
    - उत्तर का आधा या आंशिक भाग सही और शेष गलत माना गया, लेकिन इसके लिए कोई अंक नहीं दिए गए हों।
    - उत्तर पुस्तिका में किसी उत्तर या उत्तर के अंश को जाँचे बिना छोड़ देना।
    - उत्तर के लिए निर्धारित अंकों से कम अंक देना।
14. उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन करते समय यदि उत्तर पूरी तरह से गलत पाया जाता है, तो उसे क्रॉस (X) के रूप में चिह्नित किया जाना चाहिए और शून्य (0) अंक दिए जाने चाहिए।
15. **वास्तविक मूल्यांकन शुरू करने से पहले परीक्षकों को स्पॉट मूल्यांकन गाइडलाइन में दिए गए दिशा-निर्देशों से स्वयं को परिचित कर लेना चाहिए।**
16. परीक्षार्थी निर्धारित प्रसंस्करण शुल्क के भुगतान पर अनुरोध कर उत्तर-पुस्तिका की फोटोकॉपी प्राप्त करने के हकदार हैं। अतः सभी मुख्य परीक्षकों / अतिरिक्त मुख्य परीक्षकों / परीक्षकों / समन्वयकों को एक बार फिर से याद दिलाया जाता है कि उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि मूल्यांकन योजना में दिए गए प्रत्येक उत्तर के लिए मूल्य-बिंदुओं के अनुसार ही मूल्यांकन किया जाए।
17. **यदि कोई परीक्षार्थी किसी प्रश्न में दोनों विकल्पों का उत्तर देने का प्रयास करता है जबकि केवल एक ही विकल्प का उत्तर देना अनिवार्य है, तो मूल्यांकनकर्ता दोनों विकल्पों में अंक प्रदान करेगा। सिस्टम दोनों में से उच्चतर अंक को लेगा और दूसरे उत्तर को अनदेखा कर देगा।**
18. **जिन प्रश्नों के उत्तर देने का प्रयास परीक्षार्थी द्वारा नहीं किया गया है, उन प्रश्नों को परीक्षक "NA" (प्रयास नहीं किया गया) अंकित करेगा।**

**MARKING SCHEME**
**Hindi Core (Subject Code-302)**
**(PAPER CODE : 2/5/1) (Series-S5RPQ)**

**निर्धारित समय-3 घंटे** **अधिकतम अंक-80**

| Q.No. | EXPECTED OUTCOMES/VALUE POINTS | Full Marks | Marks |
|---|---|---|---|
| | **खंड – क**<br>**(अपठित बोध)** | **18** | |
| **1.** | अपठित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर- | **(10)** | |
| | **बहुविकल्पी-** | | |
| **(i)** | (D) रज और तम | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(ii)** | (C) विश्राम की | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(iii)** | (C) कथन तथा कारण दोनों सही हैं तथा कारण, कथन की सही व्याख्या करता है। | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| | **वस्तुपरक-** | | |
| **(iv)** | • जागृति – जीवन, प्रगति / समृद्धि / अभ्युदय / विकास<br>• निद्रा – पतन / क्षय / ह्रास / विनाश | **1** | **Step 1- ½ Mark**<br>**Step 2- ½ Mark** |
| **(v)** | • 'जागना' कर्म के लिए और 'सोना' विश्राम के लिए आवश्यक<br>• दोनों क्रियाएँ संतुलित तो जीवन सुखी<br>• केवल सोना या केवल जागना दोनों हानिकारक<br>• 'जागना' जीवन का मुख्य लक्ष्य, 'सोना' उसका सहायक<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **2** | **Step 1-2 Marks** |
| **(vi)** | • तमोगुण से बाहर निकालना<br>• जीवन-शक्ति विकसित करना<br>• सक्रियता का संचार<br>• लक्ष्य-प्राप्ति<br>• विकास हेतु अग्रसर<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **2** | **Step 1-2 Marks** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **(vii)** | **किससे-**<br>● तमोगुण की प्रधानता से<br>**क्यों :**<br>● अधिक सोने से शारीरिक शिथिलता और निष्क्रियता में वृद्धि<br>● जीवन की मात्रा जरुरत से कम होना<br>● स्वास्थ्य प्रभावित होना<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | **2** | **Step 1-1 Mark**<br>**Step 2-1 Mark** |
| **2.** | अपठित पद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर- | **(8)** | |
| | **बहुविकल्पी-** | | |
| **(i)** | (C) भूमि पर सबका समान अधिकार | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(ii)** | (D) सामूहिक स्वामित्व | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(iii)** | (B) वनों की अंधाधुंध कटाई | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| | **वस्तुपरक-** | | |
| **(iv)** | ● भूमि पर सबका समान अधिकार<br>● पारस्परिक सहयोग<br>● सामूहिकता का भाव<br>● स्वार्थ का अभाव<br>● संघर्ष और युद्ध का न होना<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(v)** | **किसे -**<br>● जो नर भूमि और प्राकृतिक संसाधनों पर एकाधिकार चाहे<br>**क्यों -**<br>● प्राकृतिक संसाधन सार्वभौमिक संपत्ति<br>● इन पर एकाधिकार की भावना स्वार्थ<br>● दूसरे के अधिकारों का हनन<br>● मानवीय मूल्यों के विरुद्ध<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | **2** | **Step 1-1 Mark**<br>**Step 2-1 Mark** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| (vi) | **किन पर व्यंग्य-**<br>● जो अन्याय और अत्याचार के समय मूक दर्शक बने रहे<br>**क्यों -**<br>● चुप रहकर निष्क्रिय बने रहना<br>● अन्याय को बल देना<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | 2 | **Step 1-1 Mark**<br>**Step 2-1 Mark** |
| | **खंड – ख**<br>**(अभिव्यक्ति और माध्यम पुस्तक पर आधारित प्रश्न)** | 22 | |
| 3. | किसी **एक विषय** पर 120 शब्दों में रचनात्मक लेख :<br>विषयवस्तु : 4 अंक<br>प्रस्तुति : 1 अंक<br>भाषा : 1 अंक | 6 | **Step 1-4 Marks**<br>**Step 2-1 Mark**<br>**Step 3-1 Mark** |
| 4. | किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40 शब्दों** में अपेक्षित : | 4x2=8 | |
| (i) | ● रेडियो श्रव्य माध्यम<br>● दृश्य का अभाव<br>● संपूर्ण प्रभाव आवाज की गुणवत्ता पर<br>● श्रोताओं तक संदेश केवल ध्वनि, स्वर और शब्दों से<br>● ध्वनि संकेतों द्वारा दृश्य, वातावरण और पृष्ठभूमि की कल्पना<br>● स्वर से भावनाओं व अर्थ की अभिव्यक्ति<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | 2 | **Step 1-2 Marks** |
| (ii) | ● घटना के दृश्य या विजुअल मिल जाने पर दृश्यों के आधार पर लिखी खबर को एंकर द्वारा पढ़ना | 2 | **Step 1-2 Marks** |
| (iii) | ● वे ध्वनियाँ, जो किसी दृश्य को शूट करते समय अपने आप रिकॉर्ड हों जैसे गाड़ी की आवाज, पक्षियों की चहचहाहट, भीड़ का शोर आदि | 2 | **Step 1-2 Marks** |
| (iv) | **मानक शैली-**<br>● उलटा पिरामिड | 2 | **Step 1-1 Mark**<br>**Step 2-1 Mark** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | **विशेषताएँ :**<br>● लोकप्रिय और मानक शैली<br>● तीन भाग-मुखड़ा (इंट्रो), बॉडी, समापन<br>● सबसे महत्त्वपूर्ण जानकारी (क्लाइमेक्स) सबसे पहले<br>● घटते क्रम में कम महत्त्वपूर्ण जानकारी<br>● छह ककारों का प्रयोग<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | | |
| **(v)** | ● विषय की गहराई और शोध-कार्य के लिए<br>● लेखों की गुणवत्ता और तथ्यात्मकता बनाए रखने के लिए<br>● आकर्षक एवं प्रभावशाली प्रस्तुति के लिए<br>● विश्वसनीयता के लिए<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **2** | **Step 1-2 Marks** |
| **5.** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **80 शब्दों में** अपेक्षित : | **2x4=8** | |
| **(i)** | **अभिप्राय-**<br>● किसी विषय, घटना, वस्तु, व्यक्ति या स्थान के बारे में स्मृति और अनुभव के आधार पर अपने मौलिक विचारों को संकलित कर कम समय और कम शब्दों में व्याकरणिक शुद्धता के साथ सुसंगठित रूप में रचनात्मक अभिव्यक्ति<br>**कैसे-**<br>● विचारों की अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम<br>● सामाजिक मुद्दों का शक्तिशाली उपकरण<br>● ज्ञान व सूचना के प्रसार का माध्यम<br>● जागरूकता को बढ़ावा<br>● व्यक्तिगत विकास में मदद<br>● लेखन प्रामाणिक स्रोत के रूप में<br>● रचनात्मक अभिव्यक्ति- लेखन से ही संभव<br>(अन्य उचित बिंदु भी स्वीकार्य)<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **4** | **Step 1-2 Marks**<br>**Step 2-2 Marks** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **(ii)** | • कथानक का दृश्यों में विभाजन तथा नाटक के अनुसार व्यवस्थित होना<br>• पात्रानुकूल, सहज, प्रभावशाली, बोलचाल की भाषा वाले तथा कथानक को गति देने वाले संवाद<br>• कथानक, पात्र, देशकाल-वातावरण, संवाद तथा रंगमंच के अनुकूल दृश्य-योजना<br>• मंच सज्जा व प्रकाश<br>• संगीत व ध्वनि-व्यवस्था<br>• मूल कथ्य एवं संदेश का संरक्षण<br>• दर्शकों की रुचि के अनुरूप<br>(कोई चार बिंदु अपेक्षित) | **4** | **Step 1-4 Marks** |
| **(iii)** | • श्रव्य माध्यम – संवाद आधारित<br>• कहानी को गति देना<br>• घटनाओं और पात्रों की भावनाओं की अभिव्यक्ति करना<br>• पात्रों के क्रियाकलापों की अभिव्यक्ति का माध्यम<br>• पात्रों की चारित्रिक विशेषताओं की अभिव्यक्ति का माध्यम<br>(कोई चार बिंदु अपेक्षित) | **4** | **Step 1-4 Marks** |
| | **खंड – ग**<br>**(पाठ्यपुस्तक आरोह तथा वितान पर आधारित प्रश्न)** | **40** | |
| **6.** | पठित काव्यांश पर आधारित प्रश्नों के संभावित उत्तर | **5x1=5** | |
| **(i)** | (D) यह सृजन कर्म के शाश्वत भाव की कविता है। | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(ii)** | (C) भावनाओं का आवेग | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(iii)** | (B) विचारों के | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(iv)** | (B) कृषि-कर्म से | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(v)** | (C) साहित्य कालजयी | **1** | **Step 1- 1 Mark** |
| **7.** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60 शब्दों में** अपेक्षित : | **2x3=6** | |
| **(i)** | • कविता और फूल दोनों का ही खिलना | **3** | **Step 1-3 Marks** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | • कविता और फूल दोनों के खिलने की विकास-प्रक्रिया लगभग समान<br>• फूल का नए रंग-रूप में खिलना और कविता में नए-नए भाव एवं संवेदनाओं की अभिव्यक्ति<br>• फूल की सुगंध और सौंदर्य अल्पकालिक जबकि कविता का प्रभाव अनंतकाल तक<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | | |
| **(ii)** | • कविता द्वारा मीडिया जगत की संवेदनहीनता का ही नहीं, अपितु समाज के प्रत्येक वर्ग में बढ़ती संवेदनशून्यता को भी उजागर करना<br>• अपाहिजों / पीड़ितों के दुख-दर्द से द्रवित न होकर उसे व्यावसायिक लाभ के लिए इस्तेमाल करना<br>• बढ़ती भौतिक लिप्सा, आधुनिक जीवन-शैली और कारोबारी दबाव के कारण संवेदनहीन प्रवृत्ति | **3** | **Step 1-3 Marks** |
| **(iii)** | • गरीबी, अनाचार, बेरोजगारी, आर्थिक विषमता, नैतिक पतन<br>• उदर पूर्ति के लिए नैतिक-अनैतिक कार्यों को करना, यहाँ तक कि अपने बच्चों तक को बेच देना<br>• समाज में व्याप्त छुआ-छूत<br>• धर्म को बाँटने वाले दुराग्रह एवं पाखंड<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | **3** | **Step 1-3 Marks** |
| **8.** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40 शब्दों में** अपेक्षित : | **2x2=4** | |
| **(i)** | • दुखों को जीवन का अंग मानकर<br>• दुखों से सीखकर<br>• प्रेम और उत्साहपूर्वक जीवन जीकर<br>• सुख और दुख दोनों स्थितियों में समान भाव रखकर<br>• आसपास के लोगों के प्रति प्रेम व सहानुभूति रखकर<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **2** | **Step 1-2 Marks** |
| **(ii)** | • प्रकृति के प्रतीकों के माध्यम से बालमन और भावनाओं की अभिव्यक्ति<br>• उन्मुक्तता के साथ उत्साह, उमंग और कल्पनाशीलता | **2** | **Step 1-2 Marks** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | • पतंग उड़ाने का रोमांच<br>• प्रतिस्पर्धा की भावना<br>• बच्चों की कोमलता, निश्छलता और निडरता<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | | |
| **(iii)** | **किस रूप में-**<br>• क्रांति के रूप में<br>**क्यों-**<br>• मजदूर की आकांक्षाओं का बादल को नव-निर्माण के राग के रूप में देखना<br>• क्रांति वंचितों के आक्रोश की प्रतीक<br>• पूँजीपतियों द्वारा किये जा रहे शोषण का अंत कर वर्तमान व्यवस्था में परिवर्तन के लिए<br>• पीड़ित / शोषित / मजदूर / कृषक के उत्थान का मार्ग प्रशस्त करने के लिए<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | **2** | **Step 1-1 Mark**<br>**Step 2-1 Mark** |
| **9.** | पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के उत्तर : | **5x1=5** | |
| **(i)** | (B) लोभ से बचने हेतु साधन को ही नष्ट कर देना | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(ii)** | (C) इससे मन जड़ हो जाता है। | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(iii)** | (B) अपूर्णता के बोध से | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(iv)** | (C) मन को संयमित रखना | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **(v)** | (C) कथन I और III सही हैं। | **1** | **Step 1-1 Mark** |
| **10.** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **60 शब्दों में** अपेक्षित : | **2x3=6** | |
| **(i)** | • सरल स्वभाव<br>• परिश्रमी और कर्मठ<br>• साहसी और संघर्षशील<br>• निष्ठावान और समर्पित<br>• ईश्वर में अटूट विश्वास<br>• करुणामयी | **3** | **Step 1-3 Marks** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | • स्वाभिमानी और आत्मविश्वासी<br>(अन्य बिंदु भी स्वीकार्य)<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | | |
| **(ii)** | • कर्त्तव्यों की अपेक्षा अधिकारों के प्रति अधिक जागरुक होना<br>• अनंत इच्छाओं का होना<br>• मानवीय मूल्यों का ह्रास<br>• भ्रष्टाचार को बढ़ावा<br>• प्रचलित बुराइयों का हिस्सा बनना<br>• सामाजिक हित के स्थान पर वैयक्तिक स्वार्थ को प्राथमिकता देना<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | **3** | **Step 1-3 Marks** |
| **(iii)** | • स्वतंत्रता, समानता व भ्रातृता पर आधारित<br>• आरंभ से ही समान अवसर देना और समान व्यवहार करना<br>• अपनी रुचि और योग्यता के अनुसार कार्य करने की स्वतंत्रता<br>• वांछित कार्य करने का अवसर<br>• सर्वजन हिताय: बहुजन सुखाय की भावना<br>• परस्पर प्रेम व सहयोग की भावना<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | **3** | **Step 1-3 Marks** |
| **11.** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **40 शब्दों में** अपेक्षित : | **2x2=4** | |
| **(i)** | • श्रम विभाजन में क्षमता और कार्य-कुशलता के आधार पर काम का बँटवारा जबकि श्रमिक विभाजन में जन्म के आधार पर पैतृक पेशा अपनाने की बाध्यता<br>• श्रम विभाजन में अपनी रुचि के अनुरूप व्यवसाय-चयन और परिवर्तन की अनुमति जबकि श्रमिक विभाजन में नहीं<br>• श्रम विभाजन में कार्यों का स्वाभाविक विभाजन, श्रमिक विभाजन में अस्वाभाविक<br>• श्रम विभाजन समानता का पोषक जबकि श्रमिक विभाजन में ऊँच-नीच, भेदभाव को बढ़ावा<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **2** | **Step 1-2 Marks** |

| | | | |
|---|---|---|---|
| **(ii)** | **किसे-**<br>● परिवर्तनशीलता<br>**क्यों-**<br>● परिवर्तनशीलता संसार का नियम<br>● परिवर्तन को समयानुसार स्वीकार करना<br>● अधिकार का लोभ छोड़ना<br>● नई पीढ़ी को अवसर देना<br>● जरा और मृत्यु जीवन के शाश्वत सत्य<br>(कोई एक बिंदु अपेक्षित) | **2** | **Step 1-1 Mark**<br>**Step 2-1 Mark** |
| **(iii)** | ● ढोलक की आवाज संजीवनी शक्ति के समान<br>● ऊर्जा का संचार<br>● मृत्यु से लड़ने की प्रेरणा<br>● आशा उत्पन्न होना<br>● जीवंतता का प्रतीक<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित) | **2** | **Step 1-2 Marks** |
| **12.** | किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लगभग **100 शब्दों में** अपेक्षित : | **2x5=10** | |
| **(i)** | **संदर्भ-**<br>● यशोधर बाबू की चाह- छोटे-बड़े किसी भी काम के लिए बच्चे उनसे सलाह लें, उनका आदर करें, उन्हें बुज़ुर्ग और पुरानी पीढ़ी का मानकर न छोड़ें<br>**मनोभाव-**<br>● बच्चों से आदर और सम्मान पाने की इच्छा<br>● बच्चों के मनमाने व्यवहार से आहत होकर उपेक्षित महसूस करना<br>● बच्चों द्वारा हर बात में उनसे सलाह लेने की अपेक्षा- जैसे वे अपने आदर्श किशनदा से लिया करते थे।<br>**उचित / अनुचित** –<br>(मुक्त उत्तर स्वीकार्य) | **5** | **Step 1-1 Mark**<br>**Step 2-3 Marks**<br>**Step 3-1 Mark** |

<table>
<tr><td>(ii)</td><td>कथन की स्पष्टता :<br>● पूरे मन, बुद्धि और आत्मा से गुरू का अनुसरण करना<br>● गुरू के हर भाव व वाणी को देखने और सुनने में तल्लीन होना<br>● गुरू के व्यक्तित्व और वाणी की शक्ति का गहरा प्रभाव<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित)<br>कैसे -<br>● प्रेरक व्यक्तित्व<br>● विषय का गहन ज्ञान<br>● विद्यार्थियों से भावनात्मक जुड़ाव<br>● प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण<br>● ज्ञान और भावनाओं का संगम<br>● सृजनात्मक ऊर्जा<br>● जीवन मूल्यों का संचार<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित)</td><td>5</td><td>Step 1-2 Marks<br>Step 2-3 Marks</td></tr>
<tr><td>(iii)</td><td>मुअनजो-दड़ो के भौतिक अवशेष -<br>● शहरी नियोजन<br>● जल प्रबंधन प्रणाली<br>● सार्वजानिक स्नानागार<br>● विशाल अन्नागार<br>● मूर्तियाँ और कलाकृतियाँ<br>● नावें<br>● मुद्राएँ<br>● खेती-बाड़ी में प्रयुक्त औजार एवं उपकरण आदि<br>(कोई दो बिंदु अपेक्षित)<br>जीवन-शैली, सामाजिक संरचना और संस्कृति -<br>● राजपोषित या धर्मपोषित न होकर समाजपोषित होना<br>● अनुशासित और स्वच्छताप्रिय<br>● केंद्रीकृत प्रशासन व नगर नियोजन<br>● सामाजिक समानता व सामूहिक जीवन</td><td>5</td><td>Step 1-2 Marks<br>Step 2-3 Marks</td></tr>
</table>

| | | | |
|---|---|---|---|
| | • धार्मिक विश्वास<br>• सौंदर्य-प्रियता<br>• कलात्मक प्रवृत्ति<br>• लघुता में भी महत्ता का अनुभव कराने वाली संस्कृति<br>(कोई तीन बिंदु अपेक्षित) | | |